प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

Course on "PM Rahat (Road Accident Victim Hospitalization & Accured Treatment) Scheme"

दिनांक 08-06-2026

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक **08-06-2026** को **Course on "PM Rahat (Road Accident Victim Hospitalization & Accrued Treatment) Scheme"** विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्चुअल क्लास रूम में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस के विभिन्न जिलों से कुल 31 प्रतिभागियों जिसमें **01** उप निरीक्षक, 06 सहायक उप निरीक्षक, 09 हैड कानि. व 15 कानिस्टेबल स्तर के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन श्रीमान शंकर दत शर्मा, उप महानिरीक्षक पुलिस एवं सहायक निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर द्वारा लेक्चर थियेटर में कोर्स का शुभारम्भ करवाया गया एवं कोर्स डायरेक्टर द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया।

प्रथम दिन के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सत्र में श्री यतीश गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर, eDAR परिवहन विभाग द्वारा **(1)** eDAR ओरिएंटेशन और पुलिस की भूमिका, TMS 2.0 का डिजिटल इस्तेमाल और फील्ड अधिकारियों के ज़रिए सही डेटा एंट्री सुनिश्चित करना, (2) ERSS (112) रिस्पॉन्स प्रोटोकॉल, सड़क सुरक्षा में eDAR का इस्तेमाल, दुर्घटना का शिकार व्यक्ति 'गोल्डन आवर' के अंदर तय अस्पताल तक पहुँचना (3) पीएम राहत योजना के बारे में विस्तार से समझाया।

कोर्स के समापन में कोर्स डायरेक्टर एवं सहायक कोर्स डायरेक्टर द्वारा वर्चअल क्लाश रूम में प्रतिभागियों से कोर्स से सम्बन्धित विषय पर चर्चा की। समापन सत्र में प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त किया गया। समापन सत्र के अन्त में कोर्स डायरेक्टर द्वारा कोर्स का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात कोर्स विधिवत सम्पन्न हुआ।

हस्ताक्षर

कोर्स निदेशक